### डीजीपी के आदेश पर गुरुग्राम जिले से बाहर नारनौल पुलिस अधीक्षक ने की थी जांच, पुलिस विभाग में मची खलबली

# जिस केस को दो बार रद्द किया उसकी जांच रिपोर्ट में एसीपी सहित 4 पुलिस कर्मी मिले दोषी !

■ घर में घुसकर पांच में से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर एफआईआर की थी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

सेवा, सुरक्षा सहयोग का दावा करने वाली पुलिस की कार्यप्रणाली भी लाजवाब है। ऐसा भी नहीं है कि सारे काम पलीता लगाने वाले करती है लेकिन एक आधा काम ऐसे किए जाते हैं जो 'उल्टी गंगा पहाड़ चढाने' जैसे साबित होते हैं। ऐसे ही एक मामले में गुरुग्राम के सेक्टर-14 थाना क्षेत्र में दर्ज प्राथमिकी की जांच में बरती गई लापरवाही को लेकर पुलिस महकमे में खलबली मच गई है। इस जांच रिपोर्ट ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिसमें पीड़ित महिला अनिल देवी के भाई कनीना वासी राजीव यादव ने



कनीना। शिकायत प्रति दिखाती पीड़ित महिला तथा एसपी नारनौल की ओर से दोषी ठहराए गए पुलिस कर्मचारियों की जांच रिपोर्ट। फोटो : हरिभूमि

सभी दस्तावेज दिखाते हुए बताया कि उनकी शिकायत पर बीती 30 नवंबर 2024 को घर में घुसकर मारपीट के आरोप में सीसीटीवी फुटेज पेश कर पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप है कि मात्र एक माह बाद तत्कालीन एसएचओ ने मुख्य आरोपित राजवीर से मिलीभगत कर केस को रद्द कर दिया। न्याय की उम्मीद से उन्होंने पुलिस आयुक्त गुरुग्राम से गुहार लगाई। जिस पर उन्होंने डीसीपी वेस्ट को दोबारा जांच करवाने के आदेश दिए। जांच अधिकारी द्वारा मारपीट की पुष्टि करते हुए राजवीर और उसके बेटे कपिल को गिरफ्तार किया गया, हालांकि उन्हें पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया लेकिन अन्य तीन आरोपित फरार रहे। इसके बाद एक बार फिर आरोपित की अर्जी पर बिना पीड़िता को शामिल किए जांच कर केस को दोबारा रद्द करने की सिफारिश कर दी गई। पीड़िता ने अदालत का रुख किया। अदालत ने जांच अधिकारी को नोटिस जारी कर तलब किया, किंतु जांच अधिकारी कोर्ट में पेश नहीं हुआ। इस पर अदालत ने मामले में पुनः जांच के आदेश दिए। लगातार हो रही ढीली कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़िता ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से इस केस की जांच गुरुग्राम जिले से बाहर किसी भी जिले के एसपी से करवाने की मांग की। जिस पर करीब दो माह पूर्व इस केस की जांच का जिम्मा एसपी नारनौल को सौंपा गया। एसपी नारनौल द्वारा कराई गई जांच में एसीपी सहित चार पुलिस अधिकारियों द्वारा गलत तथ्यों के आधार पर केस रद्द करने का दोषी पाया गया, वहीं आरोपितों को भी मारपीट का दोषी माना गया। डीजीपी डॉ अजय सिंघल की ओर से इस रिपोर्ट को गुरुग्राम भेजकर एक्शन रिपोर्ट मांगी। बावजूद इसके, डीसीपी वेस्ट द्वारा फिर से एक नई एसआईटी गठित की गई। पीड़ित महिला ने इस पूरे मामले में शामिल मारपीट के आरोपितों तथा दोषी पुलिस कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

#### यह है पीड़िता की शिकायत

गुरुग्राम के सेक्टर-14 थाना क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में पीड़ित महिला अनिल देवी ने पुलिस को शिकायत दी थी। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि 25 सितंबर 2024 को राजवीर व कपिल समेत पांच लोग उनके घर में घुस आए और मकान खाली करने की धमकी देने लगे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया था, जिसमें अभय सिंह, उनके पुत्र सुधीर कुमार और पत्नी अनिल देवी घायल हो गए थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने 30 सितंबर 2024 को विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया, लेकिन आरोप है कि बाद में मिलीभगत कर कार्रवाई कमजोर कर दी गई।

#### दो बार मुकदमे को किया रद्द

इस बारे में पीड़ित महिला अनिल देवी ने कहा कि पुलिस ने आरोपित से सांठगांठ करके एक मुकदमे को एक नहीं बल्कि दो बार रद्द किया। जिससे उनका गुरुग्राम पुलिस की जांच से भरोसा उठ गया और पुलिस महानिदेशक से गुरुग्राम जिले से बाहर जांच करवाने की गुहार लगाई।

#### दोषी पर होगी विभागीय कार्रवाई

इस बारे में मामले की जांच कर रहे गुरुग्राम के डीसीपी ट्रैफिक प्रतीक गहलोत ने कहा कि परिवाद की जांच की जा रही है। शनिवार को पीड़ित महिला के बयान कलमबद्ध किए गए हैं। जांच में दोषी पाए जाने वाले मुलाजिमों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### दूसरे दिन भी काम छोड़ हड़ताल, फायर कर्मियों के समर्थन में उठी आवाज

# सुनवाई नहीं होने पर तीन दिन और बढ़ी हड़ताल




फरीदाबाद अग्निकांड में भेदभाव के विरोध में 25वें दिन भी हड़ताल पर डटे अग्निशमन कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। हड़तालियों को संबोधित करते सर्वकर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव महेंद्र बोयत। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई नारनौल की ओर से शनिवार को दूसरे दिन भी काम छोड़ हड़ताल जारी रही। वहीं अग्निशमन विभाग के कर्मचारी भी अपनी मांगों को लेकर 25वें दिन हड़ताल पर डटे रहे। संयुक्त धरने की अध्यक्षता नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई प्रधान भूपेंद्र सारवान तथा अग्निशमन विभाग इकाई नारनौल के प्रधान गुरदयाल सिंह ने संयुक्त रूप से की। वहीं अब यह हड़ताल तीन दिन ओर बढ़ गई है।

धरने को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है, जिसके चलते कर्मचारियों को मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। नेताओं ने कहा कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, ठेका प्रथा समाप्त करने, वेतन संबंधी समस्याओं का समाधान करने तथा कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं देने जैसी मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन सरकार इन पर गंभीरता नहीं दिखा रही।

संयुक्त नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान भूपेंद्र सारवान ने कहा कि जब तक कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जाएगा और फायर विभाग के साथियों को इंसाफ नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इसी 30 अप्रैल को चंडीगढ़ में नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के नेताओं और हरियाणा सरकार के निकाय मंत्री के बीच बैठक हुई थी, लेकिन कर्मचारियों की मांगों पर कोई सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद संगठन ने काम छोड़ हड़ताल का निर्णय लिया।

कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण कर्मचारी हताश हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी कर्मचारी अपनी इच्छा से हड़ताल नहीं करता, लेकिन सरकार की अनदेखी ने कर्मचारियों को आंदोलन करने के लिए मजबूर कर दिया है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

धरने में सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव महेंद्र बोयत, जिला प्रधान कौशल यादव, नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान राहुल सारवान सहित महावीर प्रसाद, भीम सिंह, जसवंत, निरंजन, रोशन, प्रदीप, लीलाराम, मनोज कुमार, रविकांत, राकेश, राजेश, अमित कुमार, आशु, रमेश कुमार, विक्रम, लखन, मनोज देवी, मंजू देवी, पूनम देवी और सुनीता देवी तथा फायर ब्रिगेड की ओर से लीलाराम, संदीप कुमार, हरिओम, सतपाल सिंह, इंद्रसिंह, अजय कुमार, राकेश, सुभाष चंद, प्रदीप कुमार, रविकांत, अशीष, हवासिंह, विक्रम जोया, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, संजय कुमार, सुंदर कुमार एवं विनित यादव आदि मौजूद रहे।

#### फायर ब्रिगेड का मुद्दा भी उठा

धरने के दौरान फायर कर्मियों के साथ हुए कथित भेदभाव का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। नेताओं ने कहा कि फरीदाबाद अग्निकांड में ड्यूटी के दौरान एक पुलिस कर्मी तथा दो फायर कर्मियों की मौत हुई थी। प्रदेश के सीएम नायब सैनी ने मृतक पुलिस कर्मी को शहीद का दर्जा देते हुए उसके परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता तथा आश्रित को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की, जबकि शहीद हुए फायर कर्मियों के परिवारों को केवल 30-30 लाख रुपये की सहायता राशि घोषित की गई। न तो उन्हें शहीद का दर्जा दिया गया और न ही परिवार को नौकरी देने की घोषणा की गई। इसी भेदभाव के विरोध में प्रदेशभर के फायर कर्मचारी पिछले 25 दिनों से हड़ताल पर हैं। नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने भी फायर कर्मियों के आंदोलन को पूरा समर्थन दिया।

#### ठेका प्रथा खत्म करने की मांग को लेकर धरना तेज

मंडी अटेली। नगर पालिका क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों का ठेका प्रथा के विरोध में आंदोलन लगातार जोर पकड़ता जा रहा है। अनिश्चितकालीन धरने के दूसरे दिन भी सफाई कर्मचारियों ने कामकाज पूरी तरह ठप रखते हुए अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी रखा, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित रही। धरने की अगुवाई कर रहे ब्लॉक प्रधान मनीष कुमार ने कहा कि ठेकेदारी व्यवस्था के कारण कर्मचारियों का लगातार शोषण हो रहा है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से काम करने के बावजूद कर्मचारियों को स्थायित्व और उचित वेतन नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनका जीवन प्रभावित हो रहा है।कर्मचारियों ने सरकार से ठेका प्रथा को समाप्त कर नियमित भर्ती करने, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित करने और समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने की मांग उठाई। इसके साथ ही सभी सरकारी सुविधाएं देने की भी मांग रखी गई। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि उनकी मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस धरने में मनोज कुमार, गीता, रामकिशन, राकेश, मंजू, ऊषा, लक्ष्मी, रेखा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

#### नियमित करने की मांग को लेकर नपा के सफाई कर्मचारियों ने की काम छोड़ हड़ताल



कनीना। नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों की काम छोड़ हड़ताल शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रही। इस बारे में प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले दो दिवसीय हड़ताल की घोषणा की गई थी। उन्होंने बताया कि कनीना नगरपालिका में 21 कर्मचारी अस्थाई रूप से कार्य कर रहे हैं जबकि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय का फैसला उनके हक में आ चुका है। उनकी ओर से पहले भी सांकेतिक हड़ताल की गई थी, जिस पर अधिकारियों ने सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया था। हड़ताल में संजय, सुनील, सुभाष, योगेश, कलदीप, पवन, अनिल, नवीन, नरेंद्र, बिमला देवी, कर्मबीर, प्रदीप, रमेश, शशिबाला, सोनू शामिल थे।

#### नपा सफाई कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन भी रही जारी, की नारेबाजी



महेंद्रगढ़। नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की दो दिवसीय हड़ताल शनिवार को भी जारी रहीं। हड़ताल के दूसरे दिन भी कामकाज पूरी तरह ठप रहा। हालांकि शहर की सफाई व्यवस्था डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के कर्मचारियों ने कूडे प्वाइंट पर सफाई व्यवस्था संभाली हुई थी। कर्मचारी नगर पालिका कार्यालय में धरने पर बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रधान ने बताया कि हाल ही में चंडीगढ़ में प्रधान सचिव अशोक मीणा के साथ 17 सूत्रीय मांगों पर बातचीत हुई थी, लेकिन कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। इस मौके पर प्रधान पूर्ण कुमार, रामू, बिरजू, दीपक, चांदराम, रोहित, विनोद, सुंडाराम, शम्मी, राजेश, विजय, संदीप, रामपाल, महेंद्र, राहुल, आरती सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

#### झंडा चौक पर दो दिवसीय श्याम संकीर्तन महोत्सव शुरू

मंडी अटेली। शहर के झंडा चौक पर शनिवार से दो दिवसीय श्याम संकीर्तन महोत्सव का शुभारंभ हो गया। पहले दिन श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विपिन गोयल उर्फ दुर्गा ने बताया कि शनिवार शाम सवा सात बजे सुंदर काण्ड पाठ आयोजित किया गया। जिसमें हनुमंत कृपा पात्र रसराज महाराज और पुष्प मनोहारी शर्मा ने पाठ कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस दौरान भव्य दरबार भी सजाया गया। आज शाम सवा सात बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें वृन्दावन की गायिका गौरी-साक्षी, जयपुर के भजन गायक अभिषेक नामा और ग्वालियर के मनोज शर्मा अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के दौरान अखंड ज्योति, कीर्तन और भोग का आयोजन भी किया जाएगा। मंच संचालन गोपाल भारद्वाज करेंगे। आयोजन नरेश पुनिया म्यूजिकल ग्रुप,अश्यनी यादव, मोरवी साउंड और श्री श्याम दीवाने मंडल अटेली मंडी द्वारा किया जा रहा है।

## परशुराम चौक पर भारत विकास परिषद ने आयोजित की प्रकल्प रसोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



भारत विकास परिषद के प्रकल्प आनंद रसोई के तहत शनिवार को महिला आईटीआई के सामने भगवान परशुराम चौक पर आनंद रसोई का आयोजन किया गया। शनिवार को आनंद रसोई शहर के जाने-माने शिक्षाविद रहे कांतिलाल सैनी की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके बेटे परिषद के वरिष्ठ सदस्य विशाल सैनी एवं उनके परिवार की ओर से लगाई गई। इसके अंतर्गत चौक पर मौजूद समस्त श्रमिक भाइयों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था विशाल सैनी परिवार की ओर से की गई। सबसे पहले परिषद के सभी सदस्यों ने कांतिलाल सैनी को याद करते हुए गायत्री मंत्र का जाप कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रमिकों को अल्पाहार प्रसाद वितरित करते हुए विशाल सैनी ने कहा कि पिताजी सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रसर रहते थे, उन्हीं की प्रेरणा है कि आज हम उनकी याद में इन श्रमिक परिवारों के लिए कुछ व्यवस्था कर रहे हैं। क्योंकि मानव सेवा ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार यादव एडवोकेट ने बताया कि कांतिलाल सैनी हमारे क्षेत्र ही नहीं, अपितु समस्त प्रदेश के प्राचीनतम शिक्षाविदों में एक रहे। जिन्होंने इलाके में शिक्षा की अलख जगाने के साथ-साथ मानव सेवा के संकल्प को सदैव सर्वोपरि रखा। इस मौके पर शारदा देवी सैनी, विशाल सैनी, विवेक सैनी, राजकुमार यादव, संदीप शुक्ला, नवीन गुप्ता, पवन अरोड़ा, सुभाष सिंगला, पवन यादव, सुभाष कश्यप, सरोज कश्यप, सुनील चुघ आदि मौजूद रहे।

## मानसून से पहले सड़क सुधार की मांग तेज, खामपुरा में सरपंच ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

क्षेत्र के गांव खामपुरा में अधूरे पड़े विकास कार्य को लेकर ग्रामीणों में रोष लगातार बढ़ता जा रहा है। जिला परिषद द्वारा प्रवीण के मकान से लेकर गांव के जोहड़ तक पाइपलाइन बिछाने के लिए इंटरलॉकिंग टाइलों की सड़क को उखाड़ा गया था, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बावजूद सड़क की मरम्मत अब तक नहीं करवाई गई है। यह कार्य पिछले करीब चार माह से लंबित पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी बनी हुई है। सड़क की इंटरलॉकिंग टाइलें धीरे-धीरे गायब होती जा रही हैं जिससे रास्ता और अधिक खराब होता



मंडी अटेली। खामपुरा में पाइपलाइन बिछाने के बाद उखड़ी पड़ी सड़क।

जा रहा है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आधे से अधिक टाइलें पूरी तरह गायब हो सकती हैं, जिससे सड़क की स्थिति बेहद जर्जर हो जाएगी और आवागमन में गंभीर परेशानी खड़ी हो सकती है।

इस संबंध में गांव की सरपंच प्रियंका यादव ने स्पष्ट किया कि यह कार्य पूरी तरह से जिला परिषद के अंतर्गत किया गया था और ग्राम पंचायत की इसमें कोई सीधी भूमिका नहीं रही। उन्होंने बताया कि पंचायत की ओर से कई बार संबंधित विभाग और जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार को सड़क की मरम्मत के लिए अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

सरपंच प्रियंका यादव ने कहा कि ग्राम पंचायत ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से ले रही है और लगातार प्रशासन से संपर्क में है ताकि जल्द समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि पंचायत के पास फिलहाल पर्याप्त बजट नहीं है, जिस कारण अपने स्तर पर सड़क की मरम्मत कराना संभव नहीं है।

#### सांसद पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

महेंद्रगढ़। हरियाणा से राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल के संबंध में कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी किए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में टीम कुलदीप बिश्नोई के समर्थकों ने कड़ी आपत्ति जताते हुए पुलिस में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता रुद्रपाल सिंह ने पुलिस को दिए शिकायत में आरोप लगाया है कि सांसद द्वारा सार्वजनिक मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जो न केवल एक वरिष्ठ नेता के सम्मान के खिलाफ है, बल्कि समाज में गलत संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि चौधरी भजनलाल हरियाणा में राज्य के सामाजिक आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित क्षेत्रों में घर-घर जाकर जनगणना से संबंधित आंकड़ों का करेंगे संकलन

फिल्ड ट्रेनर के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक

# महेंद्रगढ़ में जनगणना 2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ, 387 प्रगणक व 74 सुपरवाइजर तैनात

■ जनगणना 2027 : महेंद्रगढ़ में आठ ट्रेनरों की निगरानी में होगा फील्ड कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अन्तर्गत गृह गणना कार्यक्रम का शुभारंभ संपूर्ण हरियाणा राज्य में किया गया है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के सफल एवं व्यवस्थित संचालन के लिए ब्लॉक महेंद्रगढ़ में कुल 387 प्रगणकों एवं 74 सुपरवाइजरों की नियुक्ति की गई है। ये सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित क्षेत्रों में घर-घर जाकर जनगणना से संबंधित आंकड़ों का संकलन करेंगे तथा निर्धारित समयावधि में इस कार्य को पूर्ण करेंगे। इस कार्य को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न करने के उद्देश्य से एसडीएम योगेश सैनी आईएएस द्वारा फिल्ड ट्रेनर के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जनगणना कार्य के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान यह निर्देश दिया गया कि सभी ट्रेनर अपने अनुभव एवं विशेषज्ञता का पूर्ण उपयोग करते हुए फील्ड में कार्य कर रहे सुपरवाइजरों के कार्यों की नियमित निगरानी एवं मार्गदर्शन सुनिश्चित करें। सुपरवाइजरों द्वारा किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं सटीकता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि चार्ज ऑफिसर द्वारा समन्वित समस्त जनगणना प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। इस बैठक में राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय सिंह, प्रो. डॉ. शमशेर सिंह, डॉ. बलजीत सिंह, प्रो. डॉ. सोमवीर, प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. देवेन्द्र कुमार तथा प्रो. रवि शंकर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा जनगणना कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। निर्देशानुसार, प्रत्येक ट्रेनर को सुपरवाइजरों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पूरे महेंद्रगढ़ ब्लॉक में कुल आठ ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं, जो संबंधित सुपरवाइजरों के कार्यों पर सतत निगरानी रखेंगे। ये ट्रेनर प्रतिदिन फील्ड से प्राप्त प्रगति रिपोर्ट का संकलन करेंगे तथा उसे निर्धारित प्रारूप में चार्ज ऑफिसर के माध्यम से तहसील कार्यालय में जमा करवाएंगे। इससे कार्य की नियमित समीक्षा एवं प्रगति का आकलन संभव हो सकेगा।

इसके अतिरिक्त, यह भी निर्देश दिए गए कि यदि फील्ड कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या, भ्रम या तकनीकी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, तो संबंधित ट्रेनर से तुरंत संपर्क कर समाधान प्राप्त किया जाए, ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इस महत्वपूर्ण कार्य के प्रभावी समन्वय के लिए राजेश शर्मा झाड़ली को समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया है।

## 8 दिन से सड़क पर बह रहा सीवर का गंदा पानी, बीमारी फैलने का खतरा

■ स्कूल जाने वाले बच्चों और राहगीरों को भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर के मोहल्ला बावड़ीपुर में पिछले करीब आठ-दस दिनों से सीवर लाइन जाम होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर फैला हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन दूभर हो गया है। मोहल्लावासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जल्द समाधान की मांग की है। लोगों का कहना है कि कई बार जनस्वास्थ्य विभाग एवं नगर परिषद को शिकायत देने के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

मोहल्ला बावड़ीवपुर में कृष्ण अवतार जांगिड़ के मकान के पास सीवर लाइन पूरी तरह जाम पड़ी हुई है। इसके चलते सीवर ओवरफ्लो होने पर इसका गंदा पानी सड़क पर जमा हो गया है और पूरे रास्ते में फैल रहा है। सड़क पर कीचड़ और गंदगी के कारण लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार यह रास्ता मोहल्ले का मुख्य मार्ग है, जहां से पूरे दिन लोगों का आना-जाना लगा रहता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ रही है। इसी रास्ते से होकर बच्चे राजकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जाते हैं। मोहल्लावासियों ने बताया कि सड़क पर लगातार गंदा पानी जमा रहने से आसपास मच्छरों की संख्या बढ़ गई है। बदबू इतनी अधिक है कि लोगों का घरों के बाहर बैठना तक मुश्किल हो गया है। लोगों को डर है कि यदि जल्द सफाई और सीवर लाइन की मरम्मत नहीं करवाई गई तो क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियां फैल सकती हैं। मोहल्लावासी वेदप्रकाश



नारनौल। मोहल्ला बावड़ीपुर की गली में भरी सीवर की गंदगी।

जांगिड़, कृष्ण अवतार जांगिड़, चिमन लाल जांगिड़, अनिल कुमार, पूरन चंद सैनी, शांति देवी और सेवा राम सैनी सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सीवर लाइन की तुरंत सफाई करवाकर सड़क पर फैले गंदे पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो मोहल्लावासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## खबर संक्षेप

### आआरसीएम स्कूल में हुई लेखन प्रतियोगिता

**कनीना।** आरआरसीएम स्कूल में छात्रों की रचनात्मकता और लेखन कला को प्रोत्साहित करने के लिए अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक से 12वीं के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी लेखनी का कौशल दिखाया, जिसमें अश्मी ने पूरे स्कूल मे प्रथम व कार्तिक ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं कशिश, नीतिका, ख़ुशी, देविका, विधि, खुशी, निधि, अंकित, अंशिका, वंशिका और भाविक ने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया और पूजा, दीपांशी, नेहा, आशा वर्मा, सुनैना, रिया, भूमिका, माही, शौर्य, माही, कनक, वंशिका और तशिका ने अपनी कक्षा में दूसरा स्थान हासिल किया।

### अटेली में पक्षियों के लिए रखे सकोरे

**मंडी अटेली।** भीषण गर्मी के चलते जहां इंसान ही नहीं बल्कि बेजुबान पक्षी भी पानी की कमी से जूझ रहे हैं, वहीं उनके लिए राहत पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। यह पहल भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व सरपंच कुलदीप यादव के नेतृत्व में सवित राज और बिट्टू लांबा की टीम ने करीब एक हजार मिट्टी के छोटे बर्तन लगाने का संकल्प लिया है।

### सिगड़ा की अनारली देवी का निधन

**महेंद्रगढ़।** गांव सिगड़ा निवासी अनारली धर्मपत्नी स्वर्गीय मातादीन का 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में न केवल एक बुजुर्ग का साया उठा है, बल्कि एक ऐसी जीवनशैली का भी अंत हो गया है, जो आज के दौर में दुर्लभ है। स्वर्गीय अनारली का जीवन धैर्य और जीवटता की मिसाल था। वे अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़कर गई हैं। उनके परिवार में पुत्र कंवर सिंह नंबरदार एवं रामचंद्र, पौत्र डॉ. राकेश, इंद्रजीत एवं अजय सिगड़यिा परपौत्र मनोज, मोहित, राहुल, नवीन एवं प्रियांशु तथा पौत्री भूमिका सहित समस्त परिजन शामिल हैं। सिगड़ा एवं आसपास के गांवों से आए सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

## नारनौल रेलवे स्टेशन से जुड़े यात्रियों की उठाई मांग

# दैनिक रेल यात्री एवं जन कल्याण संघ ने रेलवे स्टेशन अधीक्षक को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दैनिक रेल यात्री एवं जन कल्याण संघ की ओर से रेलवे स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक जयपुर को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में स्टेशन पर यात्रियों को मिल रही मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा यात्री सुविधा से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन की प्रतिलिपि मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल अभियंता एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त को भी प्रेषित की गई है, ताकि इन मांगों पर शीघ्र प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा ने बताया कि नारनौल रेलवे स्टेशन क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण एवं व्यस्त स्टेशन है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। इसके बावजूद स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था एवं बुनियादी सुविधाओं का अपेक्षित स्तर पर विकास नहीं हो पाया है। उन्होंने विशेष रूप से स्टेशन परिसर में पर्याप्त संख्या में आधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की, जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके।



नारनौल। रेलवे स्टेशन अधीक्षक को मांग पत्र सौंपते संघ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर संघ सदस्य हितेंद्र कुमार, शिव कुमार, शरद कुमार, शशि शर्मा, सोनू पटीकरा एवं धर्मेश सैनी सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

### रेलवे प्रशासन से अपील

संघ के पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर वर्तमान यात्री शेड काफी छोटा एवं अपर्याप्त है, जिसके कारण यात्रियों को धूप, गर्मी एवं बारिश के दौरान भारी असुविधा होती है। उन्होंने शीघ्र प्रभाव से यात्री शेड के विस्तार एवं सुधार की मांग की, ताकि यात्रियों को मौसम की मार से बचाया जा सके। अंत में संघ ने रेलवे प्रशासन से अपील की कि यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगमता को ध्यान में रखते हुए इन सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाए।

### इन मांगों को प्रमुखता से उठाया

उपाध्यक्ष पूनम फौजदार ने प्लेटफॉर्म संख्या 1 से प्लेटफॉर्म संख्या 2 तक एक सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित फुटपाथ (वॉकवे) के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यात्रियों, विशेषकर बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं महिलाओं को प्लेटफॉर्म बदलने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जिसे इस सुविधा के माध्यम से दूर किया जा सकता है।

#### रैंपयुक्त सीढ़ियां हो

महासचिव आशीष चौधरी ने बताया कि प्लेटफॉर्म संख्या 1 और 2 के बीच बना वर्तमान फुटओवर ब्रिज अत्यधिक खड़ी सीढ़ियों वाला है, जिससे यात्रियों को चढ़ने-उतरने में असुविधा होती है। उन्होंने इस पुल को रैंपयुक्त एवं दिव्यांगजन अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह सुविधा समय की मांग है।

#### पेयजल की किल्लत

सचिव एडवोकेट महावीर जैन ने प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर पेयजल की अपर्याप्त व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए बताया कि विशेषकर गर्मी के मौसम में यात्रियों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने पर्याप्त संख्या में जल कूलर एवं स्वच्छ पेयजल बिंदु स्थापित करने की मांग की।

## नारनौल मंडल के अध्यक्ष हेमंत ने बताई सोशल मीडिया, आईटी व मीडिया की बढ़ती भूमिका

# मंडल बैठक में कार्यकर्ताओं को दिया संगठनात्मक मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारतीय जनता पार्टी नारनौल मंडल की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नारनौल मंडल अध्यक्ष हेमंत चोबे ने की। जबकि जिला महामंत्री किशन लाल सैनी, जिला सचिव मनीष संधी, जिला मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल व जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सोमेश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में जिला महामंत्री किशन लाल सैनी ने संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर सक्रियता ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आधार हैं। जिला सचिव मनीष संधी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में संगठनात्मक कार्यों को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाने के लिए तकनीक का सही उपयोग आवश्यक है।

इस अवसर पर नारनौल मंडल अध्यक्ष हेमंत चोबे ने सोशल मीडिया, आईटी और मीडिया की बढ़ती भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल प्लेटफॉर्म जनसंपर्क का सबसे सशक्त माध्यम बन चुका हैं, इसलिए कार्यकर्ताओं को इनका रणनीतिक और जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया में दक्षता बढ़ाने,फेक न्यूज से सतर्क रहने तथा केवल तथ्यात्मक जानकारी साझा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली के नेतृत्व मे हरियाणा सरकार व संगठन में डिजिटल माध्यम को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।




नारनौल। नारनौल मंडल की बैठक लेते मंडल अध्यक्ष हेमंत चौबे। फोटो :हरिभूमि

### देश विकास व सुशासन की दिशा में : सोमेश

जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सोमेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास और सुशासन की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस बात का सशक्त सहभागी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा,कार्यपद्धति,सरकार की उपलब्धियों और आधुनिक तकनीक के उपयोग के बारे में बताया।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष जगदीश दीवान, मंजू सोनी व राजेश शर्मा, मंडल के सचिव नरेंद्र सोनी, मनोज निर्मल, आईटी प्रमुख केशव सैनी, भवानी वर्मा, मीडिया प्रमुख नवीन शर्मा, सुरेंद्र सोनी, जोगेंद्र जेदिया, सुरेश संधी, सतीश वाल्मीकि, अनिल चौधरी, मोहन कोहली, सुरेश, ओम प्रकाश, निहाल, सरोज कश्यप, जय सिंह तरेड़िया, अरमान, प्रशांत शर्मा, संजय सैनी, सुरेंद्र नारनोलिया, प्रकाश बारी, सुरेश सैनी, जगदीश सैनी व संजय कौशिक आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

## विधायक ने हकेंवि के मियावाकी वन का किया दौरा, प्रयासों की सराहना



*महेंद्रगढ़। विधायक कंवर सिंह यादव ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में विकसित मियावाकी वन का दौरा किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने उनका स्वागत किया। दौरे के दौरान विधायक ने मियावाकी वन के विकास एवं संरक्षण में वन विभाग और विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि इस प्रकार के घने एवं पर्यावरण अनुकूल वन शहरी क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाने में अत्यंत सहायक हैं। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि महेंद्रगढ़ क्षेत्र में ऐसे और मियावाकी वन विकसित किए जाएं, ताकि पर्यावरण संरक्षण को और मजबूती मिल सके। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने बताया कि यह मियावाकी वन लगभग दो वर्ष पूर्व वन विभाग के सहयोग से 2.5 एकड़ में स्थापित किया गया था और वर्तमान में इसे राज्य स्तर पर एक मॉडल मियावाकी वन के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।*

## तकनीक के नाम पर जनता को परेशान करना सही नहीं: राता

**मंडी अटेली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता ने डिजिटल सिस्टम को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि तकनीक को बढ़ावा देना जरूरी है, लेकिन बिना तैयारी के इसे हर स्तर पर लागू करना आम लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो डिजिटल माध्यमों से पूरी तरह परिचित नहीं हैं। ऐसे में हर सेवा को ऑनलाइन या ओटीपी आधारित बनाना लोगों के लिए झंझट बनता जा रहा है।सरकार को यह समझना चाहिए कि व्यवस्था का उद्देश्य लोगों को सुविधा देना होता है न कि उन्हें हर कदम पर प्रक्रिया में उलझाना। सुरक्षा के नाम पर आम आदमी को बार-बार सत्यापन की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिससे समय और ऊर्जा दोनों की बर्बादी होती है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि यही नियम मंत्री और अधिकारियों पर भी सख्ती से लागू किए जाएं, तो उन्हें खुद इस व्यवस्था की कमियां समझ में आ जाएंगी। उन्होंने मांग की कि डिजिटल व्यवस्था को लागू करते समय जमीनी स्तर की जरूरतों और आम लोगों की स्थिति को ध्यान में रखा जाए, ताकि तकनीक वास्तव में जनहित में काम कर सके।



# यदुवंशी स्कूल में हुई रंग भरो प्रतियोगिता

### विद्यार्थियों में चित्रकला के प्रति रुचि विकसित करना उद्देश्य

- प्रतियोगिता बच्चों के सर्वांगीण विकास में निभाती हैं महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में शनिवार की गतिविधि के अंतर्गत रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में चित्रकला के प्रति रुचि विकसित करना तथा उनकी कल्पनाशक्ति को प्रोत्साहित करना था। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित चित्रों में आकर्षक रंग भरकर सभी का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल द्वारा विद्यार्थियों के कार्य का मूल्यांकन रंगों के संयोजन, साफ-सफाई और प्रस्तुति के आधार पर किया गया। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिहं ने कहा कि रंग भरो केवल एक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह आपके अंदर छिपी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को व्यक्त करने का एक माध्यम है। इस प्रकार की प्रतियोगिता बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वह सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देता है और विशेष रूप से विजेताओं को शुभकामना देता हैं। इस मौके पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियो को शुभकामना दीं।




महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन से की मुलाकात



*महेंद्रगढ़। सहकार भारती के प्रांत संपर्क प्रमुख सचिन महायच ने हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नवनियुक्त चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने सहकार भारती जिला महेंद्रगढ़ की ओर से श्योराण को शुभकामना एवं बधाई दी। महायच ने बताया कि भिवानी जिले के गांव गागड़वास निवासी तृप्ति श्योराण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी रही हैं और सामाजिक संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। वर्तमान में वह सहकार भारती हरियाणा की प्रदेश सह महिला प्रमुख के दायित्व का निर्वहन भी कर रही हैं। सचिन महायच ने कहा कि तृप्ति श्योराण की नियुक्ति महिला नेतृत्व को प्रोत्साहन देने वाली राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्योराण बच्चों के अधिकारों की रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि इस आयोग का मुख्य उद्देश्य बाल शोषण रोकना और बच्चों के हितों की रक्षा करना ही हैं। महायच ने तृप्ति श्योराण की नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी नियुक्ति से भिवानी ही नहीं, पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ा है। इस अवसर पर सहकार भारती के जिला मंत्री अरुण जोशी एवं विश्वविद्यालय अध्यक्ष आयुष्मान शुक्ला भी उपस्थित रहे।*

# बीआर आदर्श विद्यालय सेहलंग में हुई सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीआर आदर्श विद्यालय सेहलंग में एक रोचक, ज्ञानवर्धक एवं प्रतिस्पर्धात्मक सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि विद्यालय चेयरमैन हरिश भारद्वाज व अध्यक्षता प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने की। प्रतियोगिता को दो वर्गों में विभाजित किया गया, जिसमें प्राथमिक वर्ग कक्षा तीसरी से पांचवीं तथा मध्य वर्ग कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने भागीदारी निभाई। क्विज प्रतियोगिता को कुल पांच चरणों में सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। इन चरणों में सामान्य ज्ञान राउंड, त्वरित उत्तर राउंड, चित्र पहचान राउंड, समसामयिक घटनाएं राउंड तथा बजर राउंड शामिल थे। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और हर राउंड के साथ रोमांच बढ़ता गया।

अंत में कड़े मुकाबले के बाद मध्य वर्ग से भारत हाउस तथा प्राथमिक वर्ग से माइंड ब्लास्टर टीम विजेता रही। विजेता टीम में कक्षा आठवीं से रौनक पुत्री उमेद सिंह, कक्षा सातवीं से स्नेहा पुत्री मनोज एवं हिमांशी पुत्री हुकमचंद, कक्षा छठी से युग पुत्र हरिश, कक्षा पांचवी से भव्य पुत्र अनिल, कक्षा चौथी से हिमांशु पुत्र हरेंद्र तथा दीक्षित पुत्र कैलाश तीसरी कक्षा से मयंक पुत्र विकास शामिल रहे। इन विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, त्वरित उत्तर देने की क्षमता एवं टीम भावना का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।



महेंद्रगढ़। प्रतिभागियों को प्रमाण देकर सम्मानित करते चेयरमैन हरिश भारद्वाज।

## शिक्षा और जागरूकता ही नशा मुक्त समाज की मजबूत नींव: कैलाश यादव

### विद्यालय प्रार्थना सभा में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम, विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिया संदेश

# युवाओं को नशे से बचाना समय की सबसे बड़ी जिम्मेदारी : रेखा यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गू में लीगल लिटरेसी क्लब के तत्वावधान में विद्यालय प्रार्थना सभा के दौरान 'नशा मुक्ति' विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा समाज में सकारात्मक संदेश देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की प्रधानाचार्य कैलाश यादव उपस्थित रहीं। प्रधानाचार्य कैलाश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से बचाना शिक्षा संस्थानों, अभिभावकों और समाज की संयुक्त जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं बल्कि चरित्र निर्माण की प्रयोगशाला होता है, जहां विद्यार्थियों को सही जीवन मूल्यों की शिक्षा दी जाती है। नशा युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को कमजोर कर देता है।प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, खेल-कूद एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लें और अपने आसपास के लोगों को भी नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षक समाज परिवर्तन के सबसे बड़े मार्गदर्शक होते हैं।



नारनौल। नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत कर नशा मुक्ति का प्रभावशाली संदेश दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जागरूक एवं प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, सामाजिक चेतना एवं सकारात्मक जीवनशैली विकसित करने के लिए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।



## 10 मई को भोजावास में मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती

*नारनौल। महाराणा प्रताप का जीवन प्रेरणा स्त्रोत है। उनकी सैन्य रणनीति आज भी प्रासंगिक है। महापुरुषों की जयंती मनाने से समाज में जागृति आती है। इसलिए हमें महापुरुषों की जयंतियो में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।*

*उक्त विचार अखिल भारतीय राजपूत महासभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने गुजरवास, भोड़ी, खारीवाड़ा, गढ़ी रूथल, राताकलां में ग्रामीणों को आगामी 10 मई को भोजावास गांव में मनाई जा रही महाराणा प्रताप जयंती का न्यौता देते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंतिया मनाना समाज का नैतिक कर्तव्य है। जिन महापुरुष वीर योद्धा, शहीदों ने देश धर्म की खातिर अपने जीवन की कुर्बानी दी उनके प्रति कर्तज्ञता प्रकट करने के लिए उनकी जयंतियां मनाना बेहद जरूरी है। ग्रामीणों ने उनके निमंत्रण को स्वीकार करते हुए भोजावास जयंती समारोह में पूरे दल बल के साथ पहुंचने का भरोसा दिया। इस अवसर पर उनके साथ भाग सिंह तंवर, राजेन्द्र नम्बरदार, नरपत कमांडो, औमप्रकाश हिंदुस्तानी, करतार सिंह चेयरमैन, पदम सिंह, अशोक आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।*

## चंदपुरा के सतीश यादव सहायक कमांडेंट पद से सेवानिवृत्त

*मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र के गांव चंदपुरा निवासी सतीश यादव केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नई दिल्ली से सहायक कमांडेंट पद से सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर उनके स्टाफ सदस्यों ने घर पहुंचकर फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सतीश यादव ने 12 फरवरी 1987 को सीआरपीएफ में ओपन भर्ती के तहत सिपाही के पद से अपनी सेवा शुरू की थी। अपनी मेहनत, लगन और ईमानदारी के दम पर उन्होंने विभाग में लगातार पदोन्नति हासिल की। अगस्त 1991 में एएसआई, सितंबर 2005 में सब इंस्पेक्टर, मार्च 2017 में इंस्पेक्टर तथा इसी वर्ष जनवरी में सहायक कमांडेंट के पद पर पदोन्नत हुए।सेवा के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें वर्ष 2024 में मध्यप्रदेश के नीमच में सीआरपीएफ के महानिदेशक द्वारा राष्ट्रपति की ओर से 'सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और ईमानदारी का प्रमाण है।*



मंडी अटेली। सेवानिवृत्त होने सहायक कमांडेंट को सम्मानित करते हुए।

